तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, मंगलवार, 22 अक्टूबर 2024

12 इंटर स्कूल बैडमिंटन, शतरंज और टेटे...


12 कोटतरा गोटुल भवन उद्घाटित, आदिवासी ...







## खबर संक्षेप



### राजा धर्मदेव की प्रतिमा का विधायक ने किया अनावरण

**कांकेर।** कांकेर इतिहास के गढ़िया पहाड़ में राज करने वाले कंडरा राजा धर्मदेव जो सबसे प्रतापी और तंत्र-मंत्र के साथ युद्ध विद्या, आयुर्वेद विद्या में पारंगत थे, वे अपने शासन काल में प्रजा का भरण पोषण बांस के द्वारा निर्मित सूपा, टोकरी, पर्रा-बिजना और अन्य प्रकार के सामान बनाकर करते थे, जिसके अवशेष आज भी किला पहाड़ में स्थित है। शासकीय पोलिटेक्निक कॉलेज नाथियानवागांव को उनके नाम से नामकरण किए जाने के फलस्वरूप कॉलेज परिसर में कंडरा राजा धर्मदेव मूर्ति का लोकार्पण विधायक आशाराम नेताम द्वारा किया गया। विधायक ने कहा कि वे हमारे पुरखा थे, पुरखा है तो हम आज है। इस अवसर पर कंडरा जनजाति के जिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष देवप्रकाश उईके, सचिव देवचंद मंडावी, कोषाध्यक्ष केशव शोरी, माखन मंडावी, राधा बाई उईके, उगेश कंडरा, रामधन कंडरा, नेमराज कंडरा, कौशल कंडरा, अशोक कंडरा, सत्यभामा, अरूण बघेल, दिवाकर मंडावी, अरविंद मंडावी व अन्य उपस्थित रहें।

**कार्यक्रम :** विहिप और बजरंग दल के आयोजन में हिंदू देवी-देवता की महिमा और पराक्रम का किया वर्णन

# त्रिशूल दीक्षा व हिंदू शक्ति समागम में शस्त्र एवं शास्त्र धारण करने की उपयोगिता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

### खास बातें

- हिंदू कहलाना चाहते हो, तो केवल दिखावे के लिए शस्त्र मत रखना, उसे अपने शरीर का हिस्सा बनाना
- त्रिशूल दीक्षा में शामिल हुए युवाओं को शरीर का हिस्सा बनाने मिला त्रिशूल
- संत राजीव लोचन दास ने कार्यक्रम में शामिल युवाओं को दिलाई दीक्षा

विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल के तत्वाधान में भानुप्रतापपुर में विभाग स्तरीय त्रिशूल दीक्षा एवं हिन्दू शक्ति समागम हुआ। वक्ताओं ने कहा कि हिन्दू केवल कहने मात्र से हिन्दू नहीं होता है हिन्दू कहलाने के लिए, उन्हें अपने कर्तव्य के प्रति जिम्मेदारी होनी चाहिए। हिन्दू कहलाना चाहते हो, तो केवल दिखावे के लिए शस्त्र को मत रखना, उसे अपने शरीर का हिस्सा बनाना।

मुख्य वक्ता विहिप के केंद्रीय मंत्री अम्बरीश ने कहा कि जिस प्रकार हिन्दू समाज जिसे पूजता है, वो समस्त देवी देवता शास्त्र और शस्त्र धारण किए हुई है, वैसे ही समस्त हिंदुओं को शास्त्र एवं शस्त्र धारण कर आवश्यकता अनुसार उसकी उपयोगिता का भी जानकारी रखनी होगा।

देश के पराक्रमी योद्धा महाराणा प्रताप के पराक्रमी इतिहास से बजरंगियों में प्रेरणा भरी और कहा कि जिस प्रकार हल्दी घाटी के युद्ध में महाराणा प्रताप 20 हजार की सेना के साथ अकबर की 1 लाख के सेना से लड़े थे, उन्हें पता था वो हारेंगे, फिर भी लड़ाई लड़ी। राजा राणा ने शिक्षा ली, धर्म में संस्थापना के लिए लड़ो, जीत नहीं सकते, तो मरने के लिए लड़ो , लड़ोगे तो आने वाली पीढ़ी जिंदा रहेगी अगर जीने का प्रयत्न करोगे तो आने वाली पीढ़ी नहीं रहेगी, राम की जन्म भूमि का संघर्ष सब के बीच रखा गया।

संत राजीव लोचन दास ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिन्दू केवल कहने मात्र से हिन्दू नहीं होता है, हिन्दू कहलाने के लिए उन्हें अपने कर्तव्य के प्रति प्रतिज्ञता होनी चाहिए, जिस प्रकार नालंदा जैसे शास्त्रों के भंडार जलाकर राख कर दिए गए, क्योंकि वहां पर्याप्त मात्रा में शस्त्र नहीं थे। हिन्दू कहलाना है तो केवल शस्त्र को दिखाने के लिए धारण नहीं करना है। शास्त्र एवं शस्त्र को अपने शरीर का हिस्सा बनाना होगा। विशिष्ट अतिथि की आसंदी से ज्ञान सिंह गौर हिन्दू समाज के विभाजन को लेकर बात कही। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान को अखंड बनाने का सपना हमारे पूर्वजों ने देखा था, हमारा कर्तव्य है कि हम उनके सपनों को साकार करने के लिए हर सार्थक प्रयास करे।




### त्रिशूल का हुआ वितरण, दिलाई दीक्षा

आयोजित कार्यक्रम के उपरांत अतिथियों ने कार्यक्रम में शामिल बजरंगियों को त्रिशूल वितरण किया गया। त्रिशूल वितरण के दौरान जयश्री राम का घोष के नारे लगते रहे। कार्यक्रम में जिलेभर से शामिल युवाओं में जोश दिखाई दे रहा था। वक्ताओं के उदबोधन से युवाओं में नई उर्जा का संचार देखने को मिला। अंत में संत राजीव लोचन महाराज के द्वारा दीक्षा दिलाई गईं।





### नगर संचलन का हुआ स्वागत

त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम के उपरांत नगर संचलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर संचलन के दौरान जगह जगह पर नगरवासियों द्वारा पुष्प बरसाकर जयकारों के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम में शामिल युवाओं में अलग ही उत्साह देखने को मिल रहा है। युवाओं में एक नई उर्जा का प्रवाह हो रहा था।

### कार्यक्रम में यह रहे शामिल

कार्यक्रम में विभाग संघ चालक काशी प्रसाद तिवारी, विहिप प्रान्त मंत्री विभूति भूषण पांडेय, प्रान्त संयोजक ऋषि मिश्रा, विभाग प्रचारक रामदयाल साहू, जिला प्रचारक हरिराम मधुकर, विभाग संयोजक राजा साहू, रोशन बराई, सागर शर्मा, भगत शांडिल्य, भावेश आरदे, लक्ष्मी नारायण साहू, धीरज ठाकुर, हेमंत साहू, मुन्ना तिवारी, राजेश त्रिपाठी, गोपाल दुग्गा, किशोर आर्य, मोनू मिश्रा, उत्तम भौमिक, देवा हवलदार, जगदीश जयते, धर्मेंद्र सरोजिया, रोशन बघेल, समरेश चौहान, भुवन सिन्हा, मनोज पटेल, गोपी तलवार, वासु सेन, मासूम तिवारी, गौरव शर्मा, विवेक डडसेना, प्रेम शर्मा, राहुल वैष्णव, वेद प्रकाश सिन्हा, कनक राजपूत, हर्ष शिवहरे, गौरव जैन, रोमित पटेल, रोकी पटेल, कुणाल देवांगन, गौरांक जैन व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। आभार बजरंग दल के प्रान्त सह संयोजक शुभम नाग ने किया।

# आदिम जाति सेवा सहकारी समिति 3 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



- प्रबंधक और कर्मचारियों की मांग पर सरकार नहीं दे रही ध्यान

जिलेभर के आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक और कर्मचारियों का दो दिवसीय हड़ताल जारी है। हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों ने बताया कि हमारी तीन मांगे लंबे समय से की जा रही है, सरकार ने ध्यान नहीं दिया, इसलिए हम लोगों को आंदोलन करना पड़।

जिला मुख्यालय मे कलेक्टोरेट मार्ग पर शीतला मंदिर के पास हड़ताल पर जमें आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक और कर्मचारियों का कहना है कि मध्य प्रदेश सरकार की तर्ज पर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा भी प्रदेश के 2066 सहकारी समितियों को कर्मचारियों के वेतनमान व अन्य सुविधायें लाभ देने के लिए प्रति वर्ष प्रत्येक समितियों को 3-3 लाख रूपएं देने की माँग किया। सेवा नियम 2018 की आंशिक संशोधन करते हुए पुनरीक्षित वेतनमान लागू किया जाए और समर्थन मूल्य धान खरीदी वर्ष 2023-24 में धान परिदान पश्चात हुई संपूर्ण सूखत मान्य करते हुए आगामी वर्षों के लिए धान खरीदी नीति में वर्णित 16.9 में सूखत मान्य का प्रावधान करते हुए धान खरीदी अनुबंध में परिवर्तन करते हुए प्रासंगिक व सुरक्षा व एवं कमीशन खाद बीज उपभोक्ता फसल बीमा आदि को चार गुना बढ़ोतरी कर राशन वितरण पर 500 किलो क्षतिपूर्ति ▶▶| शेष पेज 10 पर

# जिले में पंजीयन प्रक्रिया जारी, अब तक 116 मत्स्य कृषक हुए पंजीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शासन द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह योजना के तहत विभिन्न घटकों का लाभ प्राप्त करने के लिए एनएफडीपी पर पंजीकरण अनिवार्य किया गया है। एनएफडीपी का मुख्य उद्देश्य सभी मत्स्य पालक, मत्स्य पालन समूहों एवं मत्स्य समितियों के लिए कार्य आधारित पहचान के डाटाबेस निर्माण के माध्यम से भारतीय मत्स्य पालन को औपचारिक रूप देना है। मछली पालन विभाग के सहायक संचालक ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान मत्स्य समृद्धि सह योजना के तहत मत्स्य पालन अन्तर्गत संचालित समस्त योजनाओं के लाभ प्राप्त करने के लिए एनएफडीपी पर पंजीकरण अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि उक्त कार्य अन्तर्गत मछली पालन, मत्स्याखेट एवं मछली बेचने के व्यवसाय से जुड़े सभी लोगों का पंजीयन कॉमन सर्विस सेन्टर च्वाईस सेन्टर के माध्यम से किया जाना है। यदि परिवार के सभी सदस्य मछली पालन कार्य में संलग्न है तो सभी का पंजीयन व्यक्तिगत रूप से किया जाएगा। पंजीयन के पश्चात मत्स्य विभाग से सत्यापन के बाद उनके बैंक खातें में 80 रूपए शासन की ओर से प्राप्त होंगें तथा कॉमन सर्विस सेन्टर को उनके प्रत्येक एन्ट्री पर 18 रूपए कमीशन के रूप में प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि पंजीयन के लिए मत्स्य कृषकों को अपना आधार कार्ड, बैंक पासबुक तथा आधार लिंक मोबाईल नम्बर के साथ कॉमन सर्विस ▶▶| शेष पेज 10 पर




# जमीन विवाद, भतीजी की पिटाई आरोपी चाचा पर मामला दर्ज



**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत ग्राम पीव्ही 43 में आरोपी चाचा के द्वारा अपनी भतीजी के साथ जमीन संबंधी बात को लेकर मारपीट किया। आरोपी चाचा द्वारा अपनी भाभी के साथ गोबर को फेंकने की बात पर वाद विवाद कर रहा था। विवाद को सुनकर आरोपी की भतीजी पहुंची तो उससे कहने लगा कि पूरा परिवार यह जगह छोड़ दो कहकर विवाद करने लगा। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है। थाना में शिकायत करने पहुंचे पीव्ही 43 निवासी 24 वर्षीय सुचंदना राय पिता मंगल राय ने पुलिस को बताया कि सिलाई का काम करती हूं और 20 अक्टूबर को दोपहर 2 बजें चाचा दिपांकर राय ने मेरी मां सपना राय को कहा कि तूम गोबर को बोर की तरफ क्यो फेंकते हो, ऐसा बोलकर वाद विवाद कर रहा था। विवाद को सुनकर मैं आरोपी चाचा को बोली कि मेरी मां से वाद विवाद क्यों कर रहे। आरोपी चाचा आवेश में आकर बोलने लगा कि तुम लोग जिस जगह में खाते हो उसी जगह में गंदगी फैलाते हो, तूम पूरा परिवार जगह छोड़ दो, यह मेरा जमीन है बोलकर मुझे हाथ मुक्का से मारपीट किया, जिससे मेरे दाहिने गाल, कान में दर्द हो रहा है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह उनके दादा का जमीन है, उसमें सभी भाईयो का हिस्सा है। मेरे चाचा आरोपी दिपांकर राय पूर्व में भी जमीन विवाद को लेकर मेरे पिता मंगल राय से वाद विवाद करता रहा है एवं बात बात पर मारपीट करने की धमकी देता है।

पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115 (2), 296 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

**कर्तव्य की बेदी पर प्राण न्यौछावर करने वाले शहीद जवानों की वीरता को किया याद**

# पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद जवानों के पराक्रम को याद किया, दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देश के शहीद वीर जवानों की वीरता को याद कर जिले के तमाम पुलिस के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, शहीद परिवार एवं आम नागरिकों द्वारा शहादत को नमन कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। जवानों ने गाँड आफ ऑनर के साथ वीर शहीद जवानों को श्रद्धाजलि दी।

गौरतलब है कि प्रतिवर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन उन पुलिसकर्मियों के बलिदान को याद करने के लिए समर्पित है, जिन्होने अपने कर्त्तव्यों का पालन करते हुए जान गंवाई। देश आज 65 वाँ स्मृति दिवस मना रहा है। ज्ञात हो कि आज से ठीक 64 वर्ष पूर्व 21 अक्टूबर 1959 को समुद्र तल से 16 हजार फीट की ऊंचाई पर जम्मू काश्मीर स्थित लद्दाख के हाट स्प्रिंग्स क्षेत्र में सब इंस्पेक्टर करम सिंह के नेतृत्व में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के पेट्रोलिंग पार्टी पर चीनी सेना द्वारा एम्बुश कर आक्रमण किया गया था, जिसमें सीआरपीएफ के 10 जवान शहीद हुए थे, तभी से उन वीर शहीद सपूतों के स्मरण में भारतीय पुलिस, पुलिस स्मृति दिवस के माध्यम से उन्हें तथा उनके बाद कर्तव्य बेदों पर प्राण न्यौछावर करने वाले शहर पुलिस जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते आ रहे हैं। उल्लेखनीय है कि बस्तर संभाग के शांति सुरक्षा एवं विकास के लिए छत्तीसगढ़ राज्य गठन के पश्चात विगत 24 वर्षों में 1302 सुरक्षा बल सदस्यों द्वारा शहादत दी गई तथा 1777 ग्रामीणों द्वारा अपनी जान की आहुति दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कांकेर जिला की शांति सुरक्षा एवं विकास के लिए सर्वोच्चतम बलिदान दिए शहीदों की शहादत से प्रेरणा लेकर कांकेर पुलिस एवं क्षेत्र में थाना व सुरक्षा बल द्वारा क्षेत्रवासियों की जानमाल की रक्षा के लिए समर्पित होकर कार्य करेगा। पुलिस स्मृति दिवस के मौके पर 21 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर के शहीद स्मारक मैदान में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला द्वारा 01 सितम्बर 2023 से 31 अगस्त 2024 तक कर्तव्य निर्वहन के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए छत्तीसगढ़ पुलिस के 11 बल सदस्य सहित देश के कुल 216 शहीदों का नाम वाचन किया गया। तत्पश्चात शहीद वीर स्मारक के समक्ष जिला पुलिस बल के जवानों द्वारा वीर बलिदानों को शस्त्र झुकाकर सलामी दी गई। शहीदों को गाँड आफ आनर भी दिया गया। गाँड आफ आनर के उपरांत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला, आईपीएस संदीप पटेल, विधायक आशाराम नेताम, एएसपी मनीषा रावटे , समस्त जनप्रतिनिधि व शहीद परिवार के सदस्यों ने शहीद स्मृति स्मारक पर पुष्पगुच्छ चढ़ाकर वीर शहीद जवानों को श्रद्धासुमन अर्पित किया।



पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र

के सुधि पाठको को सूचित किया जाता है कि भानुप्रतापपुर शहर एवं आस-पास के क्षेत्रों में हरिभूमि में खबरों, विज्ञापन एवं समाचार प्रतियां (अखबार) प्राप्त करने के लिये अब निम्न पते पर संपर्क करें

हरिभूमि यश न्यूज एजेंसी

संवाददाता - अभिषेक पाण्डेय

मेन चौक, कांकेर रोड, कमल सायकल के सामने, पूजा इलेक्ट्रिकल

मो. 9407909500

खबर संक्षेप

## सुहिणी सोच ने मनाया करवाचौथ का पर्व



**जगदलपुर।** पूज्य सिन्धी पंचायत की महिला विंग सुहिणी सोच की अध्यक्षा नीलम बसन्तवानी ने बताया कि करवाचौथ व्रत रखने वाली सभी महिलाओं को माता करवा की कथा सुनाई गई। इस कथा को सुनने के साथ ही सभी महिलाएं अपनी पूजन थाली को एक दूसरे के हाथों आगे बढ़ाते हुए पूजन किया गया। सिन्धु भवन में हर वर्ष की तरह इस बार भी करवाचौथ मनाया गया। समाज की सभी महिलाओं के साथ अन्य महिलाओं ने भी इस पूजन में शामिल हुए और सभी को प्रसाद वितरण किया गया। सचिव भारती लालवानी ने बताया कि सिन्धु भवन में करवाचौथ के कार्यक्रम को रोचक बनाने दमसास खेल का आयोजन किया गया। इस खेल में महिलाओं ने सिन्धी समाज से जुड़े हुए सवालों पर एक्ट कर पुरस्कार जीता। इस दौरान सुनीता दुल्हानी, अमृता मूलचंदानी, बबिता दुल्हानी, अन्नू मोटवानी, वर्षा राजपाल, हर्षा वासवानी, सानवी मेठानी, रिया वासवानी, कोमल नागदेव, सुमन दुल्हानी, जानवी वाधवानी, नीतू वाधवानी उपस्थित रहे।

## बोदली में शहीद उपेन्द्र को स्कूल में किया गया याद




**जगदलपुर।** शहीदों के शहादत को नमन करते हुए स्व. उपेन्द्र साहु के पुण्य तिथि पर भगतसिंह उच्चतर माध्यमिक शाला के साथ प्राथमिक माध्यमिक शाला भगतसिंह में श्रद्धांजलि कार्यक्रम रखा गया। शहीद उपेन्द्र के पिता संतलाल साहु व माता मीना साहु ने शहीद पुत्र जो 14 मार्च 2009 को ग्राम बोदली के नक्सली घटना में शहादत प्राप्त की थी उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया। बच्चों को उनके बचपन से ही देश प्रेम के लिए प्यार होना बताया।

### इंजराम में 219वीं बटालियन सीआरपीएफ ने मनाया पुलिस स्मृति दिवस

# पुलिस स्मृति दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित कर वीरगाथा को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा



219वीं बटालियन सेन्ट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स द्वारा इंजराम मुख्यालय में पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम नीरज कुमार सिंह द्वितीय कमान अधिकारी उपस्थित राजपत्रित अधिकारीगण, अधिनस्थ अधिकारीगण एवं बल के सभी जवानों द्वारा वीर शहीदों को याद करते हुये भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

मुख्य अतिथि द्वारा पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर वीर शहीदों की वीरगाथा से सभी जवानों को अवगत कराया तथा इस दिवस के गौरवपूर्ण इतिहास को स्मरण करते हुये कहा कि 21 अक्टूबर 1959 सीआरपीएफ की तीसरी बटालियन की एकमात्र कंपनी के 21 जवानों की गश्ती दल ने हॉट स्प्रिंग लद्दाख में चीनी सेना के एक बहुत बड़े दल के आक्रमण को विफल किया तथा मातृभूमि की सेवा करते हुए जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दे दी। इन शहीदों को श्रद्धांजलि देने व उनके पराक्रम को याद करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर 21 अक्टूबर को प्रत्येक वर्ष पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है। साथ ही बल के प्रति अपनी जिम्मेदारियों व कर्तव्यों का निर्वाह करते हुए अपने प्राणों की आहूति देने वाले देश के उन महान अमर वीरों के बलिदान को याद करते हुए दो मिनट का मौन धारण किया तथा प्रत्येक जवान को निष्ठापूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिये प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर कर्मवीर सिंह यादव द्वितीय कमान अधिकारी, रेहान अली खान सहा. कमाण्डेन्ट, डॉ. इब्राहिम चिकित्सा अधिकारी के साथ-साथ बटालियन के सभी कार्मिक उपस्थित रहें।

# कैलाश बने तीसरी बार प्रदेश अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष के निर्वाचन में कैलाश चौहान अपने निकटतम प्रत्याशी अवधेश पटेल को भारी मतों से हराकर तीसरी बार प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित हुए। प्रांत अध्यक्ष के चुनाव के लिए छत्तीसगढ़ के पांचों संभाग बस्तर, रायपुर,दुर्ग,बिलासपुर, सरगुजा मुख्यालय में संघ के सदस्यों ने मतदान किया।

कुल 1250 मतदाता में 1069 ने वोट डाले। जिसमें कैलाश चौहान को 689 मत और अवधेश पटेल को 380 मत मिले। इस प्रकार कैलाश चौहान 300 मतों के भारी अंतर से तीसरी बार प्रांत अध्यक्ष निर्वाचित हुए।

# पुलिस स्मृति दिवस पर वीर शहीदों को दी श्रद्धांजलि






हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस पर सम्पूर्ण भारत में राज्य पुलिस बल एवं अर्द्धसैनिक बलों के जवान जिन्होंने विगत वर्ष देश की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था में अपने प्राण न्यौछावर किये, उन शहीद जवानों के नाम का वाचन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी जाती है। उक्त अवधि में कुल 216 जवानों ने देश की रक्षा में अपने प्राण न्यौछावर कर अपना सर्वस्व बलिदान दिया है। इस दौरान छत्तीसगढ़ से कुल 11 जवान शहीद हुये है, जिनमें जिले में माओवादी घटना में एसटीएफ 2, छसबल 2, केरिपु बल 1 एवं जिला बल 2 कुल 7 जवान शहीद हुये। पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव द्वारा शहीद जवानों की नामावाली वाचन किया गया एवं नामावली वाचन उपरान्त नामावली शहीद स्मारक में श्रद्धांजलि हेतु रखा गया। शहीदों को सलामी उपरान्त शहीदों की याद में 2 मिनट का मौन धारण किया गया। सलामी उपरान्त जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों एवं शहीद परिवार द्वारा शहीद स्मारक में पुष्प अर्पण कर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी गई।

■ शहीद परिवारों को श्रीफल एवं शॉल भेंट कर किया सम्मानित

इस दौरान जिपं अध्यक्ष शंकर कुड़ियम, जिपं उपाध्यक्ष कमलेश कारम, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार, डीआईजी केरिपु देवेन्द्र सिंह नेगी, कलेक्टर संबित मिश्रा, पुलिस अधीक्षक डॉ.जितेन्द्र कुमार यादव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत रमेश नंदनवार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चन्द्रकांत गवर्ना शहीद परिवार से रूबरू हुये, उन्हें सम्मान स्वरूप श्रीफल एवं शॉल भेंट किया गया। शहीद परिवार को उनके स्वत्वों के भुगतान के संबंध में जानकारी लिये एवं विश्वास दिलाये कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर अपनी समस्याओं से अवगत करावें, आपकी समस्याओं के निराकरण हेतु हरसंभव प्रयास किया जायेगा। शहीद जवानों के बच्चों को छात्रवृत्ति हेतु शासन के योजनाओं के लाभ हेतु संबंधित लिपिक को छात्रवृत्ति हेतु आवेदन पत्र शिक्षा विभाग को भरकर भेजे जाने हेतु निर्देशित किया गया।

वहीं बीजापुर अन्तर्गत थाना क्षेत्र में निवासरत शहीद जवान जिन स्कूल में अपनी शिक्षा ग्रहण किये है, उन स्कूलों में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी गई।

# समलूर में हुई पालक-बालक बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

■ विधायक ने किया सरस्वती साइकिल वितरित



गीदम ब्लॉक के ग्राम पंचायत समलूर के शासकीय हाईस्कूल समलूर में पालक मेगा बैठक कार्यक्रम का आयोजन आज किया गया। जिसमें विधायक चैतराम अटामी ने 9वीं में अध्यनरत छात्राओं को सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत साइकिल वितरण किया।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के सदस्य अभिमन्यु सोनी ने राज्य एवं केंद्र सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं को सबके समक्ष रखा। तत्पश्चात जनपद पंचायत गीदम अध्यक्ष अंति वेक ने स्कूली गतिविधियों की सराहना की। इसके पश्चात विधायक अटामी ने स्कूल द्वारा किए जा रहे सभी कार्यों की तारीफ की एवं स्कूल एवं ग्रामीण जनों को कई सौगातों की घोषणा की। इस अवसर पर विधायक के द्वारा शासकीय हाई स्कूल समलुर के कक्षा 9वीं में अध्यनरत छात्राओं को शासकीय योजना अंतर्गत सरस्वती साइकिल का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मल्लिका अटामी, नगर पालिका दंतेवाड़ा उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप गौतम, भाजपा जिला महामंत्री संतोष गुप्ता, सरपंच राजो सोरी, मनीष सुराना, ममता गुप्ता, सुशीला ठाकुर, विधायक निज सहायक रामचरण यादव समेत पालकगण तथा संकुल के सभी स्कूलों के शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## निर्दोष एक भी आदिवासी की मौत बर्दाश्त नहीं : दशरथ

**जगदलपुर।** बस्तर में छग सर्व आदिवासी समाज उत्थान के लिए लगातार काम कर रहा है। संवेदनशील क्षेत्रों में एक भी निर्दोष आदिवासी की मौत बर्दाश्त नही की जाएगी। आदिवासी समाज लंबे समय से अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ रही है। अंतिम छोर पर बसा समाज का अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ मिले यह प्रयास रहेगा। यह बातें छग सर्व आदिवासी समाज के दूसरे बार जिलाध्यक्ष बने दशरथ कश्यप ने कही। बोधघाट स्थित प्रदेश कार्यालय में जिला संगठन के वार्षिक चुनाव में मतदान की स्थिति नहीं आई और पूर्व जिलाध्यक्ष दशरथ कश्यप को सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। राजाराम तोडेंम ने सभा में उनके जिलाध्यक्ष मनोनीत होने की घोषणा की। प्रदेशाध्यक्ष तोडेंम ने उन्हें विधिवत पदभार ग्रहण कराया। इस दौरान समाज के युवा समेत वरिष्ठ सदस्यों के द्वारा समर्थन में जमकर नाईबाजी की गई।




## छत्तीसगढ़ डायोसिस एक राइड फॉर पीस रैली शहर पहुंची



**जगदलपुर।** प्रदेश में हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई के बीच एकता समरसता के साथ पर्यावरण के बेहतरी के संकल्प को लेकर छत्तीसगढ़ डायोसिस द्वारा एक राइड फॉर पीस रैली आज जगदलपुर पहुंची। जनता कांग्रेस के संभागीय अध्यक्ष नवनीत चांद एवं पदाधिकारियों ने शांति और अमन के संदेश लेकर पहुंची रैली का आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर डाइसिस सेक्रेटरी नितीन लॉरेंस एवं अन्य का पुष्पाहार से स्वागत किया गया। नवनीत ने पर्यावरण सहेजने के इस प्रयास को प्रेरक बताते हुए कहा कि यह यात्रा बस्तरवासियों के लिए प्रेरणा साबित हो। उन्होंने कहा कि बस्तर अपनी संस्कृति और हरियाली के लिए जानी जाती है पर पेड़ और जंगल काटे जा रहे है यह सही नहीं है। इस अवसर पर संतोष सिंह, डेनिस राज, प्रीतम नाग, रामू नाग, किरण नाग एवं विभिन्न समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पानी टंकी में डूबने से मासूम की मौत

**धमतरी।** पानी टंकी में डूब जाने से डेढ़ साल के मासूम की मौत हो गई। अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम खरेंगा के बाजार चौक में यह घटना घटी। डेढ़ साल का युवांश साहू खेलते-खेलते बाड़ी में बनी पानी टंकी में जा पहुंचा। थोड़ी देर बाद परिजन टंकी के पास गये तो उनके होश उड़ गए। बच्चा पानी टंकी में गिर गया था। यह देखते ही घर में चीख पुकार मच गई। तत्काल बच्चे को जिला अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। इस घटना से गांव में शोक की लहर फैल गई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प



# पीजी कॉलेज में एबीवीपी ने प्रदर्शनकर, पांच सूत्रीय मांगों का सौंपा ज्ञापन

## कॉलेज में विद्यार्थियों की घटती संख्या पर चिंता जताई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

कोरोना काल के बाद से विद्यार्थियों की उपस्थिति महाविद्यालय परिसरों में कम होने लगी है, इस समस्या के समाधान के लिए अभाविप ने देशभर परिसर चलो अभियान चलाया जा रहा है। पीजी कॉलेज कांकेर में विद्यार्थियों की घटती हुई संख्या के पीछे के कारणों को जानने के लिए अभाविप ने 500 से अधिक विद्यार्थियों से संवाद किया और चिंतन किया। संवाद के समय यह तस्वीर सामने आई कि महाविद्यालय में निरसता पूर्ण वातावरण एवं सुविधाओ का अभाव है। अभाविप ने महाविद्यालय में छात्रों की घटती संख्या पर चिंतन किया और महाविद्यालय की समस्याओं को चिन्हांकित करते हुए पाँच मागों का ज्ञापन प्राचार्य को सौंपा गया। अभाविप जिला संयोजक आदित्य मिश्रा ने बताया कि जब भी छात्र अपनी समस्या को लेकर प्राचार्य के पास जाते है तो जवाबदेही से बचती है और विश्विद्यालय की जिम्मेदारी है अथवा सरकार से फंड नही आया है, उनकी जिम्मेदारी है कह समस्या का समाधान नही करती है। विद्यार्थी परिषद ने ज्ञापन सौप कर अपनी माँग रखी है और 7 दिवस का अल्टीमेटम दिया है। सात दिवस के अंतर्गत ज्ञापन में लिखी माँगो पर कार्यवाही ना होने की स्थिति में अभाविप उग्र आंदोलन करने की बात कही है। ज्ञापन सौंपने के दौरान ऋषिक तिवारी, हर्ष सिंह, दुगेश मरकाम, अविनाश शांडिल्य, हिमांशु निषाद, देवराज नेताम, भावेश पटेल, दीपांशु शोरी एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।




### महाविद्यालय प्रबंधन के समक्ष रखी मांग

दस्तावेज सुधार एवं अन्य कई समस्याओं के समाधान के लिए विश्वविद्यालय का नोडल केंद्र कांकेर में खोला जाए, जिससे विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय ना जाना पड़े। महाविद्यालय में पर्याप्त टेबल और कुर्सी नही है, नई टेबल और कुर्सी की व्यवस्था करवाई जाए। पुरुष प्रसाधन में सफाई न होने के कारण दूर तक कक्षाओं में दुर्गंध आती है, प्रसाधन में नियमित साफ सफाई करवाई जाए एवं पानी की पर्याप्त व्यवस्था करवाई जाए। कक्षाओं में लाईट एवं पँखे नही चल रहे है, जिसका सुधार करवाया जाना चाहिए। ग्रन्थालय में वाईफाई लगाया गया है, जो बंद है, उसमें सुधार करके चालू करवाया जाए।

खेलकूद : खेल भावना से खेलना स्वस्थ प्रक्रिया है

# इंटर स्कूल बैडमिंटन, शतरंज और टेटे टूर्नामेंट में जेपी इंटरनेशनल चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



जेपी इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित दो दिवसीय इंटर स्कूल बैडमिंटन, शतरंज और टेबल टेनिस टूर्नामेंट 2024 का आयोजन संपन्न हुआ। आयोजित टूर्नामेंट में अंडर 11, अंडर 14, अंडर 17 और अंडर 19 आयु वर्ग के 150 विद्यार्थियों, कोचों और प्रबंधकों ने भाग लिया। जेपी इंटरनेशनल स्कूल कांकेर को ओवरऑल चैम्पियन घोषित किया गया, जिन्होंने सभी खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का दिल जीत लिया।

समारोह का उद्घाटन पूर्व एपेक्स बैंक अध्यक्ष महावीर सिंह राठौर के मुख्य आतिथ्य, जेपीआईएस के निदेशक शंकर गिदवानी और एमपावर एड्यूप्रेन्योर के निदेशक गोविंद मुदलियार की अध्यक्षता एवं प्रभारी जिला खेल अधिकारी शिक्षा विभाग आबिद खान के विशेष आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत देवी सरस्वती की पूजा से हुई, जिसके पश्चात संगीत विभाग द्वारा अतिथियों के लिए स्वागत गीत और जेपीआईएस बैंड ग्रुप द्वारा मधुर संगीत प्रस्तुति दी गई। अतिथियों ने ने ध्वज फहराया और सभी टीमों ने मार्च पास्ट किया। प्रधानाचार्य रितेश चौब ने स्वागत उद्बोधन में सभी प्रतिभागियों और कोचों का स्वागत करते हुए उनकी उपस्थिति के महत्व को रेखांकित किया। उद्घाटन के दौरान गणमान्य व्यक्तियों ने अपने विचार साझा किए और इस प्रतियोगिता के महत्व को स्पष्ट किया। आयोजित प्रतियोगिता में डीपीएस छिंदवाड़ा, साधुराम विद्या मंदिर सूरजपुर, कोलंबिया ग्लोबल स्कूल रायपुर, रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल महासमुंद, आधारशिला स्कूल भाटापारा, एलंस पब्लिक स्कूल बेमेतरा और डीपीएस सम्बलपुर शामिल हुए, वहीं सभी स्कूलों ने सभी खेलों और आयु वर्ग में अपनी भागीदारी दर्ज की। समापन समारोह के दौरान उप प्रधानाचार्य विनोद कुमार मिश्रा ने समापन भाषण दिया, जिसमें उन्होंने सभी प्रतिभागियों, कोचों और आयोजकों को उनके समर्पण और समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। इस टूर्नामेंट ने विद्यार्थियों को अपने कौशल को प्रदर्शित करने और खेल भावना को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान किया।






### जेपी इंटरनेशनल स्कूल रहा चैंपियन

एमपावर एड्यूप्रेन्योर द्वारा आयोजित खेल के दूसरे दिन समापन समारोह में विभिन्न आयु वर्ग और खेलों के लिए विजेताओं को पदक प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त, सभी श्रेणियों और खेलों के लिए एक संयुक्त समूह में भी विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान जेपी इंटरनेशनल स्कूल कांकेर को ओवरऑल चैम्पियन घोषित किया गया। प्रथम उपविजेता डीपीएस छिंदवाड़ा रहा, जिसकी टीम ने अपनी अद्भुत खेल भावना और दृढ़ता का प्रदर्शन किया। द्वितीय उपविजेता साधुराम विद्या मंदिर सूरजपुर रहा, जिनके विद्यार्थियों ने अपने कौशल और समर्पण से सभी को प्रभावित किया।

# खेत-लाड़ी में दी दबिश, तीन जुआरी पुलिस के हत्थे चढ़े







हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

भानुप्रतापपुर थानांतर्गत चिचगांव में खेत लाड़ी की ओर तास पत्ती से जुआ खेल रहें तीन जुआरियों को पुलिस ने धरदबोचा। जुआरियों के कब्जे से तास पत्ती और नगद एक हजार दो सौ रूपएं को जप्त कर जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है। लिस को मुखबिर से जानकारी मिला कि कुछ लोग चिचगांव के खेत लाड़ी में तास पत्ती से जुआ खेल रहें है। भानुप्रतापपुर पुलिस ने जानकारी की तस्दीक करने के उपरांत 20 अक्टूबर की रात साढ़े 11 बजें बताए गए स्थली को चारों तरफ से घेराबंदी करते हुए जुआ स्थल पर पहुँचे। जुआँ खेल रहे 22 वर्षीय मूलचंद निषाद पिता रोहित निषाद, 45 वर्षीय राजेन्द्र चक्रधारी पिता स्व. कन्हैया चक्रधारी दोनो चिचगांव निवासी और दुधावा थानांतर्गत ग्राम मुसुरपुट्टा निवासी 33 वर्षीय गुरूदयाल चक्रधारी पिता फरस राम चक्रधारी को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली। पुलिस ने जुआरियों की तलाशी लेने पर जुआरी मूलचंद निषाद के पास से 200 रूपएं एवं फड़ से 160 रूपएं, राजेन्द्र चक्रधारी के पास से 250 रूपएं एवं फड़ से 140 रूपएं और गुरूदयाल चक्रधारी के पास से 300 रूपएं एवं फड़ से 150 रूपएं कुल 1 हजार 200 रूपएं नगदी, एक मोमबत्ती, एक पुरानी अखबारी पेपर व तास के 52 पत्ते को जप्त किया गया। भानुप्रतापपुर पुलिस ने तीनों जुआरियों के खिलाफ धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### बाबूदबेना का जसनि शिविर स्थगित

कांकेर। विकासखण्ड कांकेर के ग्राम पंचायत बाबूदबेना में 24 अक्टूबर को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाना था, जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है।

## खबर संक्षेप



### जनजातीय गौरव स्मृति में हुईं विविध स्पर्धाएं

कांकेर। शासकीय पॉलिटेक्निक में जनजातीय गौरव स्मृति कार्यक्रम के अंतर्गत जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत ऐतिहासिक सामाजिक एवं आध्यात्मिक विषय पर गत 19 अक्टूबर को विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता, पेंटिंग, रंगोली प्रतियोगिता एवं क्विज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य जनजातीय समाज और संस्कृति के गौरवशाली इतिहास के प्रति सम्मान, प्रेम एवं जागरूकता को बढ़ाना है और साथ ही जनजातीय संस्कृति और परंपरा को संरक्षित रखना है।

### सत्यवती और दिव्या का व्हालीबाल में हुआ चयन



भानुप्रतापपुर। शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर के दो विद्यार्थियों का कबड्डी एवं व्हालीबॉल में राज्य स्तरीय एवं विश्वविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। दोनों विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रश्मि सिंह ने कहा कि यह हमारे महाविद्यालय के लिए गौरव की बात है कि प्रतिवर्ष विभिन्न खेलों में विद्यार्थियों का चयन राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर के लिए लगातार हो रहे है।

### महिला ने फांसी लगाकर दी जान

कांकेर। भानुप्रतापपुर थानांतर्गत बोगर निवासी 41 वर्षीय बिसरी बाई यादव पति शिवप्रसाद ने 20 अक्टूबर को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतिका के पति ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी ने बोगर निवासी सन्नूराम गावडे के पुराना घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। आत्महत्या के कारणो का अभी पता नही चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### प्रधान आरक्षकों को मिली एएसआई पद पर पदोन्नति



कांकेर। पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज जगदलपुर के 21 अक्टूबर को कांकेर प्रवास के दौरान प्रधान आरक्षक से सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत प्रधान आरक्षक समोद शर्मा, केशव लाल कोर्राम, रजनीश गजबिए, तुमेश्वर साहू, कुलेश्वर प्रसाद देवांगन, तिजऊ राम मांझी, गोवर्धनराम कोर्राम, माखन लाल नागवंशी को प्रधान आरक्षकों को कंधे में स्टार लगाकर सहा उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया। इस दौरान एसपी आई कल्याण एलिसेला, एएसपी भानुप्रतापपुर संदीप पटेल, एएसपी कांकेर मनीषा ठाकुर रावटे, उप पुलिस अधीक्षक मेखलेन्द्र प्रताप सिंह, उप पुलिस अधीक्षक गिरिजाशंकर साव, रक्षित निरीक्षक गोविन्द वर्मा तथा जिले के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थिति रहे।



# टैक्स को यथावत रखने सौंपा ज्ञापन

कांकेर। नगर पंचायत नरहरपुर के वार्डवासियों ने मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। नगरवासियों द्वारा जो मकान टैक्स दिया जा रहा है, उसे यथावत रखे, टैक्स की राशि में बढ़ोत्तरी नही किया जाए।

वार्डवासियों ने मांग किया है कि वार्ड क्रमांक 1 से 15 तक सभी वार्डवासियों नगर पंचायत नरहरपुर के द्वारा बैठक में निर्णय लिया है कि वर्तमान में वार्ड क्रमांक 1 से 15 तक मकान टैक्स लिया जा रहा है। उसे यथावत रखा जाए। ना कि मकान टैक्स में बढ़ोत्तरी किया जाए, जिससे कि समस्त वार्डवासियों को मकान टैक्स जमा करने में किसी भी प्रकार की आर्थिक समस्या न हो।

# पीएम आवास के हितग्राहियों को 25 तक मौका

कांकेर। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत हितग्राहियों को तकनीकी मार्गदर्शन एवं सामग्री की उपलब्धता में सहायता के दृष्टिकोण से प्रत्येक क्लस्टर में आवास मित्र, समर्पित मानव संसाधन के चयन के लिए जिला पंचायत कार्यालय द्वारा आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए थे।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमित अग्रवाल ने बताया कि प्राप्त आवेदनों की पात्र-अपात्र की सूची प्रकाशन पश्चात दावा-आपत्ति आमंत्रित की गई थी। निर्धारित समय-सीमा में 48 आवेदकों द्वारा दावा-आपत्ति प्रस्तुत की गई है। चयन समिति द्वारा प्राप्त दावा-आपत्ति का निराकरण पश्चात मेरिट सह चयन एवं प्रतीक्षा सूची तैयार किया गया है। उन्हांन बताया कि चयनित आवास मित्र समर्पित मानव संसाधन को 25 अक्टूबर तक संबंधित जनपद पंचायत कार्यालय में मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय-सीमा में उपस्थित नहीं होने पर चयन स्वयंमेव निरस्त हो जाएगा तथा प्रतीक्षा सूची से अभ्यर्थी का चयन किया जाएगा। प्रतीक्षा सूची 01 वर्ष के लिए वैध रहेगी। अभ्यर्थी के चयन की सूचना जिला पंचायत तथा संबंधित जनपद पंचायत के सूचना पटल एवं जिला कांकेर के वेबसाइट पर प्रकाशित की जा रही है। अभ्यर्थी को पृथक से सूचना नहीं भेजी जाएगी।

# शहीदों की वीरता को याद कर दी श्रद्धांजलि

अंतागढ़। 28 वी वाहिनी मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल अंतागढ़ में 21 अक्टूबर को सुबह 8 बजे देश की सुरक्षा में कर्तव्य निर्वहन के दौरान शहीद हुए बहादुर जवानों की याद में पुलीस स्मृति दिवस मनाया गया। शहीद स्मृति स्थल पर शहीद जवानों की याद में 2 मिनट का मौन धारण किया गया व शहीदों को पुष्प अर्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दिया गया। पिछले एक वर्ष में कुल 213 जवानों ने राष्ट्र सेवा के दौरान अपनी सर्वोच्य बलिदान दिया, जिसमें 2 शहीद जवान 1 आरक्षी व जलवाहक रमेश कुमार, 35 वी वाहिनी, गिरिडीह व



आरक्षी/सामान्य सहदेव बर्मन जो कि 36 वी वाहिनी, गिजिंग में पदस्थापित थे। दोनों सशस्त्र सीमा बल के जवान थे। पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर कमांडेंट अरूण देवगम द्वारा उपस्थित अधिकारीगण, अधिनस्थ अधिकारीगण व अन्य बालकर्मीयों को शहीद जवानों के बहादुरी के बारे में अवगत कराया गया।

### बस्तर ओलंपिक के लिए पंजीयन अब 25 तक

कांकेर। युवाओं के रचनात्मक एवं खेल प्रतिभा को निखारने, उन्हें अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने और बस्तर क्षेत्र की जनता का शासन से प्रत्यक्ष संबंध स्थापित करने के उद्देश्य से बस्तर संभाग के सभी जिलों में बस्तर ओलम्पिक 2024 खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसके लिए अब 25 अक्टूबर तक ऑनलाइन पंजीयन कराया जा सकता है। जिला पंचायत के सीईओ एवं बस्तर ओलंपिक के जिला नोडल अधिकारी सुमित अग्रवाल ने बस्तर ओलम्पिक 2024 की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस आयोजन में विकासखण्ड स्तर से लेकर संभाग स्तर तक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिसमें एथलेटिक, तीरंदाजी, बैडमिंटन, हॉकी, वेटलिफ्टिंग, कराते, कबड्डी खो-खो, व्हॉलीबॉल एवं रस्साकसी आदि खेलों के विभिन्न इवेंट्स सम्मिलित होंगे। यह प्रतियोगिता जूनियर एवं सीनियर वर्ग में आयोजित होगी। नक्सल हिंसा में दिव्यांग हुए प्रतिभागियों एवं आत्मसमर्पित पूर्व नक्सली सदस्यों को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें सीधे संभाग स्तर पर प्रतिभागिता सुनिश्चित कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार इसके लिए पंजीयन की तिथि अब 25 अक्टूबर तक वृद्धि की गई है।

# पुरानी सेवा गणना की मांग, शिक्षक 24 को लेंगे सामूहिक अवकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा की सभी जिले में बैठक आयोजित किया गया है, जिसमें बताया गया कि अब तक हजारो शिक्षकों ने 24 अक्टूबर को सामूहिक अवकाश का आवेदन दे दिया है, ज्ञात हो प्रदेश में शिक्षकों के चार बड़े संघ द्वारा एक होकर शिक्षक संघर्ष मोर्चा का गठन किया गया है, इसके बैनर तले चरणबद्ध आंदोलन किया जा रहा है।

चरणबद्ध आंदोलन के तहत 24 अक्टूबर को प्रदेश के शिक्षक एलबी संवर्ग सामूहिक अवकाश लेकर अपने अपने जिला मुख्यालय में धरना, प्रदर्शन कर रैली निकाल कर मुख्यमंत्री, शिक्षा सचिव सहित संबंधितत मंत्री व अधिकारियों के नाम सभी जिले में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे। शिक्षक मोर्चा ने कहा है कि सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति, क्रमोन्नति एवं केंद्र के समान महंगाई भत्ता देने का विषय विधानसभा चुनाव 2023 के घोषणा पत्र में भी शामिल है, अतः सरकार व शासन से शिक्षकों के पूर्व सेवा गणना मिशन के तहत मुख्य 5 मांग करते हुए शीघ्र ठोस निर्णय लिए जाने की मांग की गई है। शिक्षक मोर्चा के पदाधिकारियों का कहना है कि प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्व सेवा की गणना आवश्यक है, इससे शिक्षकों के वेतन विसंगति, क्रमोन्नति, पदोन्नति, प्रथम नियुक्ति तिथि से पुरानी पेंशन, 20 वर्ष की सेवा में पूर्ण पेंशन की मांग पूरी होगी, लंबित मँहगाई भत्ता व देय तिथि से मंहगाई भत्ता की एरियर्स राशि की मांग पर चर्चा की गई। सभी एल बी संवर्ग के शिक्षकों तक इस बात की जानकारी देने का निर्णय हुआ कि शिक्षक मोर्चा का हड़ताल व ज्ञापन में केवल एल बी संवर्ग के शिक्षकों की मांगों को लेकर संघर्ष किया जा रहा है, साथ ही महंगाई भत्ता का विषय शिक्षकों के साथ साथ अन्य सभी कर्मचारियों का भी है।

# कलेक्टर ने इलाज के लिए सौंपा चेक

कांकेर। विकासखण्ड कोयलीबेड़ा पखांजूर के शांतिपुर निवासी सुकांत मंडल पुत्र शुभ मंडल के उपचार के लिए रेडक्रॉस सोसाइटी कांकेर के अध्यक्ष एवं कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश शांडिया ने बताया कि शांतिपुर निवासी सुकांत मंडल ने कलेक्टर के समक्ष अपने पुत्र शुभ मंडल के दुर्घटनाग्रस्त होने पर उनके इलाज के लिए आर्थिक सहायता के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था। पुत्र शुभ मंडल अज्ञात वाहन के ठोकर मारने के कारण गंभीर रूप से सिर में चोट आने पर घायल हो गया है तथा उनका इलाज हेल्थ केयर अस्पताल रायपुर में चल रहा है। कलेक्टर एवं अध्यक्ष ने सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए शुभ मंडल के बेहतर इलाज के लिए रेडक्रास सोसायटी के जिला संगठक पवन कुमार सेन को पच्चीस हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि जारी करने निर्देशित किया। स्वीकृति पश्चात राशि जारी कर कलेक्टर ने चेक आवेदक सुकांत मंडल को सौंपा।



# शैक्षणिक भ्रमण सह प्रशिक्षण के लिए किसान रवाना

कांकेर। आत्मा योजना अंतर्गत राज्य के अंदर एक दिवस शेक्षणिक भ्रमण सह प्रशिक्षण राम कृष्ण मिशन आश्रम जिला नारायणपुर में आयोजित किया गया, जिसके लिए किसानों को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। किसानो को उद्यानकी फसलों नर्सरी, ग्राफ्टेड बैगन, स्टारफ्रूट, चालता, पैसनफ्रूट, केला ,कॉफी, अंगूर, आम, अमरुद, नारियल, नेटहाऊस मे मल्टी लयरिंग तकनीकी विधि की जानकारी मत्स्य पालन, पशुपाल, मुर्गी पालन, अंड्डा उत्पादन, धान उत्पादन किस्म एमटीयू 1156 में तकनीकी जानकारी विस्तार से बताया गया।



यहाँ से सीख कर जाने के बाद अनुसरण करने के लिए प्रेरित किया गया, जिसमें उपस्थित सोहन देशमुख वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, शैलम दुर्गम ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, मनोज बघेल मत्स्य अधिकारी, कृषि प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन केंद्र ब्रेहबेड़ा जिला नारायणपुर, एमएल शोरी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, फिरोज वट्टी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, रंजीता गार्डी, बीटीएम ऋषि हिरवानी एटीएम एवं कृषक बंधु व महिला कृषक उपस्थित हुए।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

# कोटतरा गोटुल भवन उद्घाटित आदिवासी समाज ने मनाई हुल्की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चारामा

चारामा के परसोदा मुड़ाक्षेत्र आश्रित ग्राम कोटतरा केकतीपारा में गोटुल भवन के उद्घाटन के उपलक्ष्य में आदिवासी समाज द्वारा हुल्की कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से बुढा डोकरा के बेटा नाती आंगापेन बालकुंवर पेन का सेवा अर्जी दी गई, जो आदिवासी परंपरा का महत्वपूर्ण अंग है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक सावित्री मण्डावी ने शिरकत किया, उनके साथ नरेंद्र यादव, प्रताप सलाम, कोटतरा की सरपंच ललिता




बाई सेवता और कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। विधायक सावित्री मण्डावी ने आदिवासी समाज को अपनी सांस्कृतिक धरोहर बचाने और संजोने की बात कहीं। उन्होंने कहा की गोटुल भवन केवल एक संरचना नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और मूल्यों का प्रतीक है। इसे आने वाली पीढ़ियों तक सहेज कर रखना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने ग्रामीणों को इस भवन के माध्यम से एकजुट रहने और सामाजिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर हुल्की नृत्य टीमों ने भी अपनी अद्भुत प्रस्तुतियों से समारोह की रौनक बढ़ाई। बयानार, तुलतुली और श्रीगुहान की हुल्की नृत्य टीमों ने पारंपरिक धुनों पर मनमोहक नृत्य कर उपस्थित जनसमूह का दिल जीत लिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में इन तीनों टीमों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस आयोजन ने न केवल आदिवासी समाज की एकता और संस्कृति को उजागर किया, बल्कि सामूहिक सहयोग और परंपराओं के संरक्षण का संदेश भी दिया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
By Train-रिजर्वेशन कोच
06 नवम्बर से 18 नवम्बर 2024, 20 दिसंबर से 01 जनवरी 2025
24 जनवरी से 05 फरवरी 2025, 21 फरवरी से 05 मार्च 2025
02 मार्च से 19 मार्च 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर(सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंड, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर, गोरखनाथ मंदिर, अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ)
राशिः-स्लीपर 18500/- 3 एसी 27,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411